# लेखपाल कक्ष में फैली गंदगी और बंद पड़े हैं दर्जन भर पंखे

## मेजों-दीवारों में जमी धूल, सीटों के नीचे लगा हुआ है कूड़े का अंबार, बीमारी को दावत दे रहा है लेखपाल कक्ष में फैला कूड़ा-कचरा

संवाददाता, रायबरेली


तहसील परिसर में बने लेखपाल कक्ष में फैली गंदगी।


लेखपाल कक्ष में बैठने के स्थान पर लगा कूड़े का ढेर।


तहसील के लेखपाल कक्ष में खराब पड़े पंखे।

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले क्षेत्रीय लेखपालों के कक्ष में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। उस पर सोने में सुहागा यह है कि खराब पंखे भी हवा देने में आनाकानी करते हैं। अधिकारियों की बेरुखी से उपजे इस दर्द को इसमें बैठने वाले किसे सुनाएं। उपजिलाधिकारी समेत जिले के कई अधिकारी अक्सर तहसील का निरीक्षण करते हैं किंतु लेखपाल कक्ष में फैली अव्यवस्था की ओर उनका ध्यान कभी नहीं जाता है।

तहसीलदार के कक्ष से दस और एसडीएम कक्ष से 20 कदम की दूरी पर लेखापल कक्ष बना हुआ है। लेखपालों के कक्ष में फैली गंदगी लेखपालों को तो कभी भी अपनी चपेट में ले सकती है। इसी के साथ इस कक्ष में अपने काम से आने वाली जनता को मुफ्त में बीमारी देने का कार्य करती है। जिसमें साफ-सफाई के आभाव में दीवारों पर जाला तो मेजो पर भारी धूल जमी हुई है। पूरा कक्ष धूल मिट्टी व गंदगी से पटा हुआ है। कहने को तो लेखपाल कक्ष में एक दर्जन से अधिक लगे पंखों में सिर्फ तीन-चार ही चलते हैं। पंखे खराब होने से इस भीषण गर्मी में लेखपाल व आने वाले फरियादी परेशान हैं। इस फैली गंदगी में मजबूरन क्षेत्रीय लेखपाल व आने वाली जनता की बैठना पड़ रहा है। राजस्व व जिला प्रशासन के आदेश पर चौबीस घंटे एक टांग पर खड़े रहने वाले क्षेत्रीय लेखपाल के कक्ष में फैली गंदगी बीमारी को दावत दे रही है।

लेखपाल की माने तो शिकायत करें तो किससे सुनने वाला कोई नही है। यहां पर कभी भी कोई सफाई कर्मचारी नही आता है और न ही यहां किसी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की गई है। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए बूथ से लेकर क्षेत्र की जनता के काम निपटाने के बाद लेखपाल तहसील परिसर में बने कक्ष में गंदगी के बीच कामकाज करने को मजबूर हैं। तहसीलदार व उप जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये कार्य को करना पड़ता है। इस तरह की भीषण गर्मी में कक्ष के अंदर फैली गंदगी के बीच बैठना संक्रामक बीमारी को दावत देने जैसा है। संभवतः अधिकारियों को इस बात का इंतजार है कि जब संक्रामक बीमारी से लेखपाल और जनता दोनों प्रभावित हो जाएंगे तभी वे कोई कारगर कदम उठाएंगे।

> तहसील में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की गई है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी आकर साफ-सफाई का काम करते हैं। गंदगी मिलने पर नगर पालिका को पत्र लिखा जाएगा। कक्ष में लगाए गए पंखे सभी चलते हैं। जांच कराई जाएगी। खराबी मिलने पर सही कराया जाएगा।
> - अनील पाठक, तहसीलदार, रायबरेली।

# हादसे में मैकेनिक की मौत

अमावां, रायबरेली


दुर्घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर रतापुर के पास बुधवार की शाम एक तेज रफ्तार टैंकर ने साइकिल सवार एक मैकेनिक को रौंद दिया। घटना में मैकेनिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, तभी आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी तरफ पुलिस ने घटना में शामिल टैंकर को कब्जे में ले लिया है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के भरत पुरम मोहल्ला निवासी वीरेन्द कुमार चौधरी पुत्र शिवपूजन सिंह जो बिजली मैकेनिक का काम करते थे। बुधवार को रतापुर चौराहे पर बिजली का कुछ सामान लेने के लिए निकले थे, जहां से वापस लौटते समय रायबरेली अयोध्या हाईवे पर पीछे से आए एक तेज रफ्तार टैंकर ने वीरेंद्र चौधरी 55 वर्ष की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टैंकर की टक्कर से वीरेंद्र उछलकर सड़क पर गिर गए और टैंकर उन्हें रौंदता हुआ गुजर गया। मौके पर जमा लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया टैंकर चढ़ जाने से वीरेंद्र चौधरी की मौत हो गई थी। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना में शामिल चालक को वाहन समेत हिरासत में ले लिया गया है। छानबीन जारी है।

## रेल कोच कर्मचारी को न्याय दिलाने के लिए ज्वाइंट एक्शन कमेटी का हुआ गठन

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** रेल कोच में एक अधिकारी के द्वारा कर्मचारी को मारने पीटने की घटना अब तूल पकड़ने लगी है। बुधवार की शाम कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर रेल कोच अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। रेल कोच के सभी यूनियन नेताओं ने संतोष मौर्य को इंसाफ दिलाने के लिए ज्वाइंट एक्शन कमेटी का गठन किया है। एमसीएफ मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने बताया कि 2 मई को सभी कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। 3 मई को गेट मीटिंग की जाएगी। एक से 9 मई तक हस्ताक्षर अभियान जोर शोर से चलाया जायेगा और सिविल प्रशासन तक मांग पत्र पहुंचाने का काम पूरा किया जायेगा। 10 मई को सभी कर्मचारी अपनी फेमली को साथ लेकर रैली निकालेंगे। अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही को लेकर कर्मचारी अंतिम सांस तक लड़ेंगे।

# 210 मेगावाट की यूनिट फिर खराब, उत्पादन ठप

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** बिजली की बढ़ी हुई मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में यूनिटें नहीं चल पा रही हैं। एक-एक करके विभिन्न यूनिटों में कुछ न कुछ खराबी आ रही है जिससे परियोजना का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। अब मंगलवार की रात एनटीपीसी में 210 मेगावाट की यूनिट नंबर तीन तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। मंगलवार की रात 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या तीन के पीए फैन (प्राथमिक वायु पंखे) में खराबी आ गई जिसके कारण इस यूनिट को बंद करना पड़ा। ज्ञात हो कि प्राथमिक वायु पंखे ब्वॉयलर सिस्टम को उच्च दबाव वाली हवा प्रदान करते हैं, जो एपीएच के माध्यम से इसमें प्रवेश करती है। इस हवा का उपयोग कोयले को सुखाने और उसे मिल से भट्ठी तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह ब्वॉयलर में प्राथमिक दहन के लिए ऑक्सीजन भी प्रदान करता है। पीए पंखे द्वारा ठंडी और गर्म दोनों प्राथमिक हवा प्रदान की जा सकती है। पीए फैन में खराबी के कारण ब्वायलर में कोयले को जलाने में दिक्कत आ रही थी इसलिए यूनिट को बंद कर दिया गया। अब ब्वायलर का तापमान सामान्य होने के बाद खराबी को ठीक किया जायेगा। इससे पूर्व ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या दो में कई बार खराबी आई थी। उसके बाद 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या 5 में दो बार खराबी आई। जिसके कारण उत्पादन प्रभावित हुआ था। अब यूनिट संख्या तीन बंद हुई है। यूनिट बंद होने के कारण उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित देश के कुल नौ राज्यों की विद्युत आपूर्ति पर असर पड़ा है।

# ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक समेत 6 घायल

अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-प्रयागराज हाईवे पर सारस चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बुधवार की दोपहर सवारी लेकर जा रहे एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में ऑटो चालक समेत 6 लोग घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अड़ोबर गांव का निवासी दयाशंकर पुत्र विजय द्विवेदी (26) ऑटो चलाता है और आज दोपहर दयाशंकर सवारी लेकर मलिक मऊ की ओर जा रहा था, तभी सारस चौराहे के पास रोड से गुजरे एक अनियंत्रित ट्रक ने उसके ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिस ऑटो पर सवार ऑटो चालक दयाशंकर के अलावा थाना क्षेत्र के मलिक मऊ कॉलोनी निवासी दो छात्र सार्थक सिंह (18) पुत्र रविंद्र सिंह व अर्पित शर्मा (15) पुत्र सुशील शर्मा के अलावा जगतपुर थाना क्षेत्र के केवल पुर गांव निवासी दीपक कुमार (26) वर्ष पुत्र पितांबर साहू मलिक मऊ निवासी रागिनी वर्मा (35) वर्ष पत्नी अभिषेक चौधरी व थाना क्षेत्र के पड़रई गांव निवासी रानू (17) वर्ष पुत्र देवनारायण सहित छह लोग घायल हो गए। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जांच पड़ताल की जा रही है।

# मानसी-मुस्कान को कॉलेज का सर्वश्रेष्ठ सम्मान

▸▸ परीक्षा के मेधावियों और अभिभावकों का सम्मान समारोह

संवाददाता, रायबरेली


दुर्गा इंटरमीडिएट कालेज की छात्रा को साइकिल प्रदान करते मुख्य अतिथि।

**अमृत विचार।** जवाहर विहार कॉलोनी स्थित दुर्गा इंटरमीडिएट कॉलेज में हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय में 95 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप करने वाली मानसी सिंह को उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की गई। इसी प्रकार कक्षा 12 की टॉपर मुस्कान गुप्ता को भी साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। 93 प्रतिशत अंकों के साथ दिव्यांशी मौर्य स्कूल की सेकंड टॉपर रही, उन्हें भी सम्मानित किया गया। तृतीय स्थान पर प्राजंल सक्सेना, चतुर्थ स्थान पर पूर्णिमा सिंह एवं पांचवें स्थान पर लकी गुप्ता को उनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा 12 की छात्रा लक्ष्मी, मयंक अवस्थी, अंजली वर्मा, अनामिका यादव, पलक साहू एवं धीरेंद्र को प्रतीक चिन्ह भेंट कर एवं माला पहनकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाए हुए समस्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसमें लकी गुप्ता, अमन वर्मा, आर्या शुक्ला, अदिति शर्मा, शिफा बानों, उजाला सिंह, समीर, अनिका, गौरी सिंह आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। मुख्य अतिथि जयशंकर वाजपेई ने समस्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय के संचालक देवेंद्र शुक्ला ने विद्यालय के बेहतर परीक्षा परिणाम के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने सभी आए हुए अभिभावकों को बच्चों के शानदार रिजल्ट की शुभकामनाएं दी। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर किरणबाला ने समस्त अभिभावकों को उनके आगमन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सात मई को हज यात्री कराएं टीकाकरण

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** मदरसा जामिया उम्मुल मोमिनीन आयशा अल इस्लामियां लिल बनात बड़ा कुआं में 7 मई को चयनित हज यात्रियों का टीककाकरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने बताया कि उक्त तिथि को हज 2024 पर जाने वाले जनपद के चयनित 88 हज यात्री अपना-अपना टीकाकरण करा लें। नोडल अधिकारी जिला संक्रामक कक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देख रेख में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अन्य कार्मिकों द्वारा किया जायेगा। जिला हज ट्रेनर द्वारा हज के अरकान सम्बन्धी प्रशिक्षण व जानकारी दी जायेगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने हज 2024 पर जाने वाले चयनित हज यात्रियों से कहा है कि उक्त स्थान पर ससमय उपस्थित होकर टीका लगवाने व प्रशिक्षण की जानकारी दी जायेगी।

# श्रमिकों के हितों को लेकर छात्रों को संदेश

▸▸ श्रमिक दिवस पर राइजिंग चाइल्ड में हुए विविध कार्यक्रम

संवाददाता, रायबरेली



राइजिंग चाइल्ड स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**अमृत विचार।** शहर के प्रभुटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में श्रमिक दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राइमरी विंग के छात्र-छात्राओं ने श्रमिकों के हितों को लेकर प्रेरक संदेश दिए। इसके साथ ही बच्चों ने स्कूल और घर मे दैनिक जीवन मे श्रमिकों के हितों को लेकर कार्य करने की पहल का संदेश भी समाज को दिया। इस अवसर पर हुए कार्यक्रम में बच्चों ने समूह नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि सभी का कार्य महत्वपूर्ण है, समाज में हर वर्ग की भूमिका खास होती है। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने कहा कि यदि कृषि के लिए मजदूर न मिले तब अनाज उत्पादन में समस्या होगी। कार्यक्रम में पदमाक्ष्या, अर्निका, अभय, अनादि, अक्षिता, आविशी, अग्रज, तबीबा, मयंक, चित्रांश, श्रीनिका आदि बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। समारोह का संचालन विभा यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्र नाथ हरि सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## पहले लगाई आग, फिर उखाड़ कर फेंक दिया टीनशेड

**ऊंचाहार, रायबरेली।** घर के पास बनी झोपड़ी में पहले तो पड़ोसी ने आग लगा दी। बाद में उसमे टीन शेड बनाया तो उसे भी उखाड़ कर फेंक दिया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल का है। गांव निवासी ललित कुमार का कहना है कि उसने अपने सहन में छप्पर की झोपड़ी बना रखी थी। जिसमें पड़ोसी ने दिसंबर माह में आग लगा दी। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई। किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने इसी स्थान पर टीन शेड बना लिया तो पड़ोसी ने टीन शेड उखाड़ कर फेंक दिया है। बुधवार को उसने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि घटना की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# टूटकर पेड़ पर गिरी 11 केवी की विद्युत लाइन, टला हादसा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** बुधवार की दोपहर नगर विद्युत उपकेंद्र की अरखा फीडर की 11केवी लाइन अचानक टूटकर पेड़ों पर गिर गई। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय विद्युत प्रवाह संचालित था। गनीमत थी कि तार की चपेट में कोई नहीं आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

यह घटना बुधवार दोपहर को हुई है। इस समय बिजली लाइनों पर कभी अधिक भार है। लाइनें जर्जर होने के कारण अक्सर हादसे होते रहते है। बुधवार को नगर स्थित 33 केवीए विद्युत उपकेंद्र से जाने वाली अरखा फीडर की 11केवी लाइन में अधिक भार होने के कारण तार टूट गया। जब यह घटना हुई उस समय लाइन में विद्युत प्रवाह संचालित था। तार के टूटते ही विद्युत लाइन स्वतः ट्रिप हो गई और फीडर बंद हो गया। जहां तार टूटा वहां पेड़ थे। विद्युत लाइन के तार टूटकर पेड़ पर गिरे। गनीमत थी कि वहां पर कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। अवर अभियंता लालमणि ने बताया कि विद्युत लाइन को दुरुस्त करके लाइन चालू कर दी गई है।

मौका | कांग्रेस और भाजपा लगातार बनाए हुए है सस्पेंस

# चर्चाओं में रायबरेली की सीट सबसे आगे, प्रत्याशियों का इंतजार

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सहयोगी दल समाजवादी पार्टी के सबसे बड़े नेता रहे दिवंगत मुलायम सिंह यादव का पॉलिटिकल फार्मूला बड़ा हिट रहा है। जिसमें उन्होंने कहा था कि कोई भी कि चुनाव चर्चा, पर्चा और खर्चा पर आधारित होता है। चुनाव में अगर किसी पार्टी य प्रत्याशी की चर्चा हो जाती है तो उसकी जीत की सम्भावनाए नजर आने लगती है।

चुनाव में अगर खर्चा ज्यादा कर दिया जाए तो भी जीत की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता नजर आने लगता है। पर्चा भरने से पहले की चर्चाओं में अलग ही मायने होते हैं। पर्चा भरने में देर करने वाली कांग्रेस रायबरेली और अमेठी अपने घर की सीटों पर शायद पर्चा भरने में इसलिए देर कर रही है, कि वह अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी के नेता के सिद्धांत को अपनाते हुए पर्चा भरने से पहले चर्चा करवाना चाह रही है, जो इस समय खूब हो रही है। इस सीट के लिए जितनी चर्चाए हुई है शायद ही देश और प्रदेश की किसी भी सीट के लिए नहीं हुई होगी। अब देखना यह है कि हाट सीट बन चुकी रायबरेली सीट पर गांधी परिवार का कोई सदस्य मैदान में आता है य कोई अन्य प्रत्याशी किस्मत आदमी आएगा। फिलहाल राजनीतिक विशेषज्ञ बताते हैं कि अगर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने इन सीटों पर चुनाव नही लड़ा तो कही न कही यह कांग्रेस के लिए आत्मघाती साबित हो सकता है। नामांकन प्रक्रिया के मात्र दो दिन बचे है लेकिन अभी बसपा को छोड़कर अभी किसी भी पार्टी ने अपने पत्ते नही खोले है।

### नामों को लेकर खूब वायरल हुए पत्र

हाट सीट बनी रायबरेली में जहां अभी तक कांग्रेस और भाजपा ने अपने उम्मीदवारों को लेकर लगातार सस्पेंस बनाए हुए है। निर्दल उम्मीदवारों सहित छोटे दलों व बसपा ने नामांकन पत्र लिए है। लेकिन अभी कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारो के नाम का जिले के लोगो का इंतजार है। वही मंगलवार रात से लेकर बुधवार को सोशल मीडिया में कांग्रेस की ओर से राहुल और प्रियंका को टिकट मिलने का पोस्ट खूब वायरल हुआ है। लेकिन अभी भी रायबरेली की जनता उम्मीदवारों की राह ताक रही है।

### प्रत्याशियों को लेकर सस्पेंस बरकरार

कांग्रेस की ओर से जहां सस्पेंस रखा गया है वही भाजपा भी इस बार कोई अवसर गवाना नही चाह रही है। पिछली बार बेहतर प्रदर्शन करने वाले दिनेश सिंह जहां इस बार चुनावी टिकट की रेस में आगे है वही जिले के एक अन्य नेता भी मजबूती के साथ अपने पैर जमाए हुए है।

## भारत-पाक सीमा पर शहीद के स्मारक को नष्ट करने का प्रयास

**ऊंचाहार, रायबरेली।** शहीदों की स्मृतियों को सजोने के स्थान पर उन्हे मिटाने की कोशिश की जा रही है। शहीद के भाई ने मामले की शिकायत डीएम से की है। क्षेत्र के गांव रत्ना पर मजरे सलारपुर निवासी छैल बिहारी मिश्र के भाई कुंज बिहारी भारतीय सेना में जवान थे। वह सन 1965 में भारत पाकिस्तान की सीमा पर देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनकी याद में शासन द्वारा उनके गांव में एक चबूतरे का निर्माण कराया गया था। अब इस चबूतरे को तोड़कर यहां पानी की टंकी के निर्माण का प्रस्ताव हुआ है जिसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीण काफी आहत है। शहीद के भाई ने इसमें जिलाधिकारी को पत्र भेजकर हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका कहना है कि उनके शहीद भाई की स्मृतियों को बचाया जाए।

## सार-संक्षेप

### जेईई मेंस की परीक्षा में सौरभ ने भरी सफलता की उड़ान

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के श्री शिवकुमार त्रिवेदी कैरियर प्लस इण्टर कॉलेज शिवगढ़ के ब्लॉक टॉपर सौरभ शुक्ला ने हौसलों से सफलता की उड़ान भरकर जेईई मेन्स में 82.65 अंक अर्जित कर एक बार फिर से कॉलेज व माता-पिता अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। जेईई मेंस क्वालिफाई करने वाले सौरभ शुक्ला को विद्यालय के संरक्षक प्रदीप त्रिवेदी, प्रधानाचार्या इंदुबाला सिंह एवं कालेज के शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया। क्षेत्र के सुमंध खेड़ा मजरे जगदीश निवासी सौरभ शुक्ला ने 2024 की इण्टरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा में 91.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर शिवगढ़ ब्लॉक टॉप किया है। पिछले वर्ष इसी विद्यालय के कालेज टापर अक्षय कुमार और हर्ष अवस्थी ने जेईई मेंस क्वालिफाइड करके विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया था। 2023 की इण्टरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा में अक्षय कुमार और हर्ष अवस्थी ने 500 में 457 अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से कॉलेज में द्वितीय स्थान अर्जित किया था। विद्यालय के संरक्षक प्रदीप त्रिवेदी ने बताया कि कालेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए कालेज में जेईई मेंस, नीट की नि:शुल्क कोचिंग चलाई जाती है। उन्होंने बताया कि कॉलेज का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के सपने को साकार करना है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक भरत सिंह, विनोद मिश्रा, अमित वर्मा, अवधेश पांडेय, कृष्ण कुमार अवस्थी, जेपी सिंह, सुनील सिंह आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सौरभ शुक्ला एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। सौरभ शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों को दिया है।

### जेईई मेंस की परीक्षा में प्रियंक को मिली कामयाबी



**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** बछरावां विकासखंड के महरौरा मजरे नीमटीकर गांव निवासी प्रियंक पटेल पुत्र मनोज पटेल ने आईआईटी जेईई मेंस में 99.36 प्रतिशत अंक हासिल करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। इसके साथ ही प्रियंक के चाचा अखिलेश कुमार ने भतीजे की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। चाचा अनूप कुमार ने बताया कि प्रियंक बचपन से ही पढ़ाई में होनहार है। वहीं प्रियंक की प्रारंभिक शिक्षा जेपीएस स्कूल में हुई व हाई स्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा एलपीएस से उत्तीर्ण किया। क्षेत्र के बच्चे की इस सफलता पर क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं देकर हर्ष व्यक्त किया है।

### छह बच्चों की मां फरार, पिता-पुत्र परेशान

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला 10 माह पूर्व से फरार चल रही है। पीड़ित पति ने पुलिस की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है। जगतपुर थाना क्षेत्र के कोडिया गांव के रहने वाले संतराम ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। शिकायती पत्र में आरोप है कि उसकी पत्नी 10 माह पूर्व दवा कराने को कहकर घर से निकली थी, तब से आज तक वह वापस नहीं आई है। जिसके 6 बच्चे हैं। काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका है। जगतपुर पुलिस से न्याय न मिलने से निराश होकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, जहां पर उसे सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पिलाई गई। कोई कार्यवाही न होने से परेशान पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

### वंदे भारत ट्रेन पर पथराव करने वाला युवक गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में 18 मार्च को बछरावां और श्रीराजनगर रेलवे स्टेशन के बीच मुर्गी फार्म के समने में हुए वंदे भारत ट्रेन पर पथराव करने वाले एक युवक को आरपीएफ ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। ट्रेन में लगे 56 सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग में एक युवक ट्रेन पर पथराव करता नजर आया था, जिसकी तलाश की जा रही थी। आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश शर्मा ने बताया कि फरमान अली पुत्र वाहिद अली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। जिसे 14 दिनों के लिए कोर्ट ने रिमांड पर भेजा है।

### चुनावी विरोधियों की दबंगई, विकास के काम बन रहे बाधा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** पंचायत चुनाव में विरोधी रहे लोगों ने ग्राम प्रधान का उत्पीड़न कर रखा है। गांव के विकास कार्यों में वो लगातार बाधा डाल रहे है। प्रधान ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली में की है। मामला क्षेत्र के गांव सलीमपुर भैरों का है। गांव के प्रधान शिवमूर्ति तिवारी का कहना है कि पंचायत चुनाव में उनके विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले कुछ लोग एक हो गए है और अब वह लोग दबंगई और मनमानी करने लगे हैं। गांव में मनरेगा के तहत तालाब को खोदाई करते समय मौके पर पहुंचकर काम रोकवा दिया। विकास कार्यों में झूठी शिकायत की। अधिकारी जांच के लिए गए, जांच में सब दुरुस्त होने के बावजूद वह लोग विकास कार्य नहीं होने दे रहे है। गांव में यह लोग तांडव करते हैं और लोगों को डराते है जिससे पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। प्रधान ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

### बिना पंजीकरण के चल रहे एक्सरे के सेंटर, संचालक पर केस

**महराजगंज, रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास राज मेडिकल स्टोर के बगल बिना पंजीकरण के चल रहे एक्सरे सेंटर संचालक के विरूद्ध अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सीएचसी अधीक्षक प्रजेश श्रीवास्तव ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि राज मेडिकल स्टोर के बगल संचालित एक्स रे सेंटर पर इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के नियमों के इतर अप्राधिकृत चिकित्सा अभ्यास किया जाता है। कोतवाली पुलिस ने डॉ प्रजेश श्रीवास्तव की तहरीर के आधार पर एक्स रे संचालक के विरुद्ध मेडिकल एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि केस दर्ज किया गया है छानबीन की जा रही है।

### बाइक चालक को बचाने में तालाब में कूदा अनियंत्रित ई-रिक्शा


तालाब में गिरे ई-रिक्शा को निकालते लोग।

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के भवानीगढ़ सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पर स्थित बैंती कस्बे में सामने से आ रहे बाइक चालक को बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर करीब 15 फुट गहरे तालाब में चला गया। गनीमत रही कि ई-रिक्शा खाली होने की वजह से किसी प्रकार की जनहानि हुई। वहीं रिक्शा चालक बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह ई-रिक्शा को तालाब से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों की माने तो तालाब में जिस स्थान पर ई-रिक्शा कूदा वहां पानी नहीं था वरना ई-रिक्शा तालाब में डूब जाता।

### जेसीआई से शिक्षण सामग्री का किया वितरण



प्राइमरी के बच्चों को बांटी गई शिक्षण सामग्री। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली :** जेसीआई की ओर से प्राथमिक विद्यालय रग्घुपुर, सलोन बच्चों को शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया। पेंसिल, रबर, कॉपी, चॉकलेट आदि पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चे चहक उठे। उनमें खुशी की लहर दौड़ गई। इसके साथ ही विद्यालय में जेसीआई द्वारा पांच ब्लैक बोर्ड व वाइट बोर्ड भी दिए गए। जेसीआई रायबरेली सचिव जेसी प्रभु अग्रवाल ने कार्यक्रम में आए हुए सभी पूर्व अध्यक्ष सदस्य प्रधानाचार्य व अध्यापकों का स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी जेसी विवेक सिंह द्वारा कार्यक्रम समापन पश्चात प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार यादव व सभी अध्यापकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ऋषि अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, शालिनी श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, पवन गुप्ता, विवेक सिंह, अनामिका सिंह, प्रभु अग्रवाल, अभिनव गर्ग आदि सदस्य मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने बुधवार को गेगासों मंडल के शोभवापुर और गंगागंज पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। बूथ पर होने वाली बैठक जगन्नाथ पांडे, विकेश द्विवेदी, संतोष पांडे, धर्मेंद्र सिंह, अभिषेक शुक्ला, अमित द्विवेदी, शीबू सिंह, गुरु प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### बहन को भगाने का आरोप, केस दर्ज

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने देवा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी बहन को जैकीउल्लाह पुत्र मुन्ना निवासी कस्बा सतरिख बाराबंकी अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है और वह अपने साथ जेवर भी ले गई है। कोतवाल देवा अनिल कुमार पांडे ने बताया कि तहरीर मिली है। केस दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### डिवाइडर से टकराई कार दो बच्चियां घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत कोटवा सड़क में हाईवे पर अयोध्या दर्शन करके वैगनआर कार पर सवार देव राज गुप्ता अपने ड्राइवर और दो बेटियों के साथ अपने घर दिल्ली जा रहे। उसी दौरान तेज़ रफ़्तार ट्रक के ओवरटेक करने पर इनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार के अगले हिस्सा के परखच्चे उड़ गए। कार सवार देव राज की पीछे बैठी दोनों बेटियों को चोटें आई हैं। मौके पर टोल एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर भेजा गया।

### घर से निकला युवक लापता, रिपोर्ट दर्ज

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी :** ग्राम छंदरौली निवासी छोटेलाल ने थाना लोनी कटरा में दर्ज कराई गई गुमशुदगी में बताया है कि उनका बेटा (28) कृपा शंकर 30 मार्च को सुबह 9 :00 बजे घर से फ्लिपकार्ट कार्यालय 12 मोड़ के पास जाने के लिए निकला था लेकिन उसके सारे मोबाइल नंबर बंद हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल रहा है। थाने पर दर्ज कराई गई गुमशुदगी में छोटे लाल ने बताया कि कार्यालय जाने पर पता चला कि उसका बेटा ड्यूटी पर आया ही नहीं।

# रामनामी अंगौछा पहन तनुज ने किया नामांकन

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने खुद को बताया असली रामभक्त, भारतीय जनता पार्टी पर साधा निशाना

**चुनावी सरगर्मियां**

▸▸ बोले- भाजपा सत्ता में आई तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण होगा खत्म

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस-सपा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने बुधवार को तीन सेटों में आपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान तनुज पुनिया हाथों में संविधान की किताब और गले में रामनामी अंगौछा डालकर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अगर सत्ता में आई तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण को खत्म कर देगी।

इससे पहले सिविल लाइंस रोड पर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवाई के आवास पर बने कांग्रेस कैंप कार्यालय में कांग्रेस और सपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा। यहां पहुंचे पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे और अरविंद सिंह गोप ने कार्यकर्ताओं से चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इसके बाद कार्यकर्ताओं को यहीं रोक तनुज पुनिया, पूर्व सांसद रामसागर रावत और सदर विधायक सुरेश यादव के साथ कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पहुंचे। तनुज पुनिया ने अपना नामांकन दो सेटों में दाखिल किया। तनुज आज अपना एक सेट नामांकन और दाखिल करेंगे।


नामांकन के बाद तनुज पुनिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन को वोटरों को लुभाने की जरूरत नहीं। जनता हमसे जुड़ चुकी है। क्योंकि जनता समझ चुकी है कि अगर भाजपा की सत्ता में वापसी हुई तो हमारा लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण खत्म हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर वह संविधान की किताब अपने साथ लेकर नामांकन करने पहुंचे हैं।

तनुज पुनिया ने कहा कि बाराबंकी सीट पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन काफी मजबूत है। आम आदमी पार्टी, शिवसेना और एनसीपी समेत कई प्रमुख दल हमारे साथ मिलकर यह चुनाव लड़ रहे हैं। पुराने आंकड़ों को अगर देखा जाए तो इंडिया गठबंधन यह सीट बड़े अंतर से जीतने जा रही है। किसानों की कर्जा माफी, युवाओं को रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।

बंकी रेलवे क्रॉसिंग, हैदरगढ़ और फतेहपुर में ओवरब्रिज का निर्माण, ट्रॉमा सेंटर को शुरू कराना, मेमो ट्रेन फिर से चलवाने के साथ ही मेंथा की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंदर लाना है। इसके साथ ही जिले के विकास से संबंधित तमाम ऐसे काम हैं, जो भाजपा की सरकार में रुक गये हैं। उन्हें प्राथमिकता पर करवाना है।



नामांकन करते तनुज पुनिया के साथ सदर विधायक सुरेश यादव व पूर्व सांसद राम सागर रावत।



संविधान की प्रति हाथ में लिए और रामनामी अंगौछा डाले तनुज पुनिया।

### मजदूरों से किया वादा

नामांकन से पहले तनुज पुनिया ने धनोखर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन के बाद वहीं पर स्थित राम सेवक यादव की मूर्ति को माला पहनाया। उसके बाद मोहनलाल डिग्री कॉलेज पहुंचकर पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबू बेनी प्रसाद वर्मा, अंबेडकर छात्रावास में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, पटेल तिराहे पर पहुंचकर सरदार बल्लभ भाई पटेल, गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, छाया चौराहे पर बाबा साहेब, राम सेवक यादव, सुभाष चंद्र बोस, बाबू जगजीवन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि सरकार बनते ही कांग्रेस 400 रुपये न्यूनतम राष्ट्रीय वेतन की गारंटी देगी।

### इन्होंने भी किया नामांकन

बुधवार को राम गुलाम राजदान ने पब्लिक अधिकारी सोशलिस्ट इंडियन पार्टी के प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया। वहीं सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के प्रत्याशी के रूप में प्रेमचंद हरिजन ने नामांकन पत्र जमाकर अपनी दावेदारी पेश की है।

### करोड़पति हैं तनुज की पत्नी श्रृद्धा पुनिया

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने बुधवार को जिलाधिकारी के सामने प्रस्तुत किये नामांकन पत्र में शपथपत्र के माध्यम से बताया है कि पत्नी श्रृद्धा पुनिया 1 करोड़ 56 लाख 20 हजार 171 रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं। जबकि खुद तनुज पुनिया 8 लाख 35 हजार 920 रुपये के मालिक हैं। तनुज पुनिया पर चार मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें से कई मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। तनुज पुनिया के पास 5 लाख 35 हजार की स्कॉर्पियो व 2 लाख 25 हजार की आईटेन कार है। जबकि पत्नी श्रृद्धा पुनिया के पास 10 लाख की फार्च्यूनर और इतनी ही लागत की क्रेटा कार है। प्रत्याशी तनुज पुनिया से ज्यादा उनकी पत्नी श्रृद्धा पुनिया जेवरात की शौकीन हैं।

### इन्होंने खरीदे पर्चे

बुधवार को निर्दलीय के रूप में दो लोगों ने पर्चा खरीदा है। जिसमें लखनऊ के गोमती नगर निवासी अंकित कुमार गौतम और जिले के दुल्हीपुर निवासी अजय कुमार शामिल हैं। अब तक कुल 24 लोग पर्चा खरीद चुके हैं।

"इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को बड़े अंतर से जीत दिलाना हर सपाई की जिम्मेदारी है। क्योंकि भाजपा ने देश को पूरी तरह से खोखला कर दिया है। देश से संविधान खत्म हो चुका है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। देश की सम्पत्तियां बिकना शुरू हो गई हैं। इन्हीं तमाम मुद्दों के चलते जनता हमारे गठबंधन के साथ खड़ी है। इलेक्टोरल बॉन्ड का मुद्दा हो या फिर कोविडशील्ड का मुद्दा आज सभी के सामने खुलकर आ चुका है।"

**– दधर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव,** सदर विधायक, सपा

"सपा का हर नेता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के साथ खड़ा है। छोटे से लेकर बड़ा हर सपा नेता का आशीर्वाद तनुज पुनिया के साथ है। हमारा पूरा विश्वास है कि तनुज पुनिया बाराबंकी लोकसभा सीट से न सिर्फ जीतेंगे बल्कि पिछले सारे रिकॉर्ड भी तोड़ेंगे।"


**– राम सागर रावत,** पूर्व सांसद

"कुर्मी समाज इंडिया गठबंधन के साथ है। क्योंकि हमारे समाज के लिये भाजपा ने कुछ भी नहीं किया। कुर्मी समाज को भाजपा ने कभी भी सम्मान नहीं दिया। इस वजह से हमारा समाज आज बाराबंकी से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के साथ है।"

**– सुरेंद्र वर्मा,** चेयरमैन प्रतिनिधि, नगर पालिका परिषद बाराबंकी

## अमृत विचार की मुहिम

# लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने की मुहिम





मतदाता के सवाल का कलाकृति के माध्यम से दिया जवाब। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा की प्रवक्ता कंचन दुबे ने मतदान अभिकर्ता बनने के नियमों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब अपनी कलाकृति के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर लिखकर भेजें। अमृत विचार ऐसी ही सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा। तो आइये लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की मुहिम से जुड़कर मत प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिससे जनपद इस चुनाव में मतदान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान गढ़ सके।

## सार-संक्षेप

### चहारदीवारी गिरी, जिम्मेदार मौन



राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की टूटी बाउंड्रीवॉल। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज की बाउंड्रीवॉल गिरे करीब एक सप्ताह हो गया किन्तु अभी तक उसकी मरम्मत शुरू नहीं हुई है। मालूम हो कि करीब एक सप्ताह पूर्व राजकीय इण्टर कॉलेज फतेहपुर की पश्चिम बाउंड्रीवॉल की दीवार करीब दस फुट चौड़ाई में गिर गयी है। इस गिरी हुई बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य सम्बन्धित विभागीय कर्मचारियों द्वारा अभी तक नहीं शुरू कराया गया है, जिसके चलते अराजकतत्वों से खतरा बरकरार है।

### पूर्व में केस दर्ज, फिर से करने लगे कब्जा




ग्राम पंचायत की भूमि पर कब्जा। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी : अमृत विचार :** देवा इलाके के ग्राम पंचायत की आरक्षित भूमि पर गांव के ही लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। पूर्व में राजस्व विभाग द्वारा इन कब्जेदारों के खिलाफ देवा थाने में केस दर्ज कराया गया था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है। देवा क्षेत्र के ग्राम अटवटमऊ में एक भूमि जो राजस्व अभिलेखों में घूरगड्ढा के नाम दर्ज है। इस जमीन पर गांव के रहने वाले विजयशंकर व रामचंदर ने गुमटी व झोपड़ी रखकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। जिस संबंध में राजस्व विभाग व पुलिस की टीम ने 29 जून को मौके पर जाकर उक्त जमीन की पैमाइश कर सीमांकन कराया था और राजस्व निरीक्षक अमर बहादुर सिंह ने 30 जून 2023 को दोनों के खिलाफ देवा कोतवाली में सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया था। कुछ दिनों तक तो मामला शांत रहा। उसके बाद इन लोगों ने फिर उक्त जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की है। राजस्व निरीक्षक अमर बहादुर सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। इसकी जांच की जाएगी। यदि विपक्षी जन दोबारा कब्जे का प्रयास कर रहे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### श्याम प्रेमियों ने निकाली निशान शोभायात्रा


**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्याम भक्तों ने कस्बे के पटेल चौराहे से निशान शोभायात्रा निकाली। खाटू श्याम की झांकी सुसज्जित कर भक्तों द्वारा पीत वस्त्र धारण कर पताकाएं लेकर जयकारा लगाते हुए क्षेत्र के ग्राम सधाईपुरवा शोभा यात्रा पहुंची। जगह-जगह श्याम प्रेमियों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। बुधवार की सुबह पटेल चौराहे के निकट सैकड़ों की संख्या में श्याम भक्त एकत्रित हुए। रथ पर श्री खाटू श्याम की सुन्दर झांकी को सुसज्जित करने के पश्चात भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भक्त हाथों में पताकाएं लेकर जयकारा लगाते हुए निकले। शोभायात्रा मोहल्ला काजीपुर, बाईपास मार्ग, तहसील चौराहा होते हुए सधाई पुरवा खाटू श्याम मंदिर के लिए रवाना हुई। इस दौरान डीजे पर बज रहे भजन एक तेरे सिवा बाबा अब कौन हमारा है। कभी रूठना न मुझसे ओ श्याम सावरे, मेरी जिन्दगी है अब तेरे नाम सावरे जैसे भजनों पर भक्त झूमते रहे। वहीं तहसील चौराहे पर भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर हर्षित पटेल, अनुपम वर्मा, अभिषेक वर्मा, रवि वर्मा, उमेश चंद्र, जितेंद्र, ललित, उमा शंकर, अमन सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।



खाटू श्याम जी की शोभायात्रा निकलती।

### पंचायत सहायक गईं ससुराल, पंचायत भवन में लगा ताला

**बनीकोडर बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र में पंचायत भवनों की स्थिति ठीक नहीं है। क्योंकि जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अधिकतर पंचायत भवन बंद रहते हैं। बुधवार को समय 11 :08 पर विकास खण्ड बनीकोडर के सुपामऊ ग्राम पंचायत के डीहा गांव में बने पंचायत भवन में ताला लटकता मिला। जबकि ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के पद पर प्रतिभा तिवारी की नियुक्ति हुई थी। जिनकी कागजों पर तैनाती भी है और बाकायदा सैलरी भी ली जा रही है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पंचायत सहायक की शादी हो चुकी है। जिससे पंचायत भवन में महिला पंचायत सहायक के रोजाना न आने से ताला लटका रहता है। ऐसे में ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।





बुधवार को सुबह 11 :08 बजे पंचायत भवन सूपामऊ में लटकता ताला।

# मतदान करने की दिलाई शपथ



श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलातीं एसडीएम श्वेता मिश्रा।

**बाराबंकी : अमृत वचिार :** मजदूर दिवस के अवसर पर रिलायंस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड बायो एनर्जी यूनिट, देवा रोड के परिसर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग केन्द्र तथा नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा रिलायंस इण्डस्ट्रीज के सहयोग से किया गया। सहायक नोडल अधिकारी स्वीप व उपजिलाधिकारी श्वेता मिश्रा द्वारा श्रमिकों तथा अधिकारियों को मतदान के महत्व को समझाते हुए उन्हें शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। श्रम विभाग के उपस्थित अधिकारियों द्वारा श्रमिकों के हित में समस्त विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव, श्रम प्रर्वतन अधिकारी यशवीर, यादवेन्द्र, इकाई के प्रतिनिधि राजेश मोहन, गोपेश शर्मा, सुधीर कुमार, चेतन पाटिल आदि उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार:** निंदूरा क्षेत्र के बांका नगर डिंगरी गांव में तीन दिवसीय श्री राम कथा के पहले दिन बुधवार को कथा पंडाल से कलश यात्रा निकाली गई। महिला व पुरुषों ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर यात्रा का शुभारंभ किया। श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाते हुए शरीफाबाद, हाशिम नगर, अकबरपुर, बिनवापुर, रामनगर, बाजगहनी, चौबेपुर होते हुए धन्नाग तीर्थ स्थल पर पहुंचे। वहां आचार्य वेद प्रकाश ने विधि विधान से पूजन करवाया। पूजन अर्चन कर महिलाओं ने तालाब से जल लेकर वापस यज्ञ पंडाल में कलश को स्थापित किया। इस मौके पर विजय यादव अखिलेश यादव व काफी संख्या में मौजूद रहे।

# श्रमिकों ने मतदान का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर जिले के सभी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों में बीडीओ के नेतृत्व में मनरेगा योजनान्तर्गत कार्यरत श्रमिकों को कार्य स्थलों, पंचायत भवनों एवं विद्यालयों में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की शपथ दिलायी गई।

विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरुकता के लिए श्रमिकों के बीच दौड़, रस्साकसी व मेंहदी प्रतियोगिता आदि कराते हुए पुरस्कार भी वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष में 100 दिन काम करने वाले मनरेगा श्रमिको को भी पुरस्कृत किया गया। ग्राम के अन्दर जागरुकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर उपायुक्त श्रम रोजगार ब्रजेश त्रिपाठी द्वारा विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम पंचायत छतौनी में पूजा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, सिद्धौर के साथ पौधरोपण करने के साथ-साथ मनरेगा श्रमिकों को शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर अन्य ग्रामवासी व विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। वहीं हैदरगढ़ बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरुकता वाहन को प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया गया। कई अन्य गांवों में भी इसी प्रकार जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुए। रामनगर, फतेहपुर, बंकी, देवा समेत सभी ब्लॉकों पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।



विकासखंड सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत महमूदाबाद में शपथ लेते श्रमिक।

# सीएचसी की टूटी चहारदीवारी, उगीं झाड़ियां

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। पूरा परिसर गड्ढों में तब्दील है। बिल्डिंगों के चारों ओर झाड़ियां उगी हैं। जिससे विषैले जीव जंतु व संक्रामक रोगों का खतरा बना हुआ है। यहां बनी बाउंड्रीवॉल भी जगह-जगह टूटी पड़ी है। लोगों के बैठने के लिए भी उचित व्यवस्था नहीं है। स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बनाए गए आवास भी जीर्ण शीर्ण पड़े हैं। संबंधित विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मरीजों का उपचार करने वाला अस्पताल बदहाली पर आंसू बहा रहा है। प्रतिदिन तहसील क्षेत्र के सैकड़ों मरीज बीमारियों के इलाज के लिए आते हैं। लेकिन उच्च अधिकारियों की अनदेखी के चलते अस्पताल परिसर ऊंचा नीचा व जंगल में तब्दील है। जगह-जगह बाउंड्रीवॉल टूटी है। यहां आने वाले मरीजों के लिए भी बैठने की कोई उचित प्रबंध नहीं किए गए। स्वास्थ्य कर्मियों के ठहरने के लिए बनाए गए आवासों में प्लास्टर टूटकर गिर रहा, खिड़की-दरवाजे भी टूट पड़े हैं। यहां आने वाले तीमारदारों व मरीजों की सुविधा के लिए बने शौचालय में गंदगी फैली है और बंद पड़ा हुआ है। वहीं सीएमओ डॉ. अवधेश यादव ने बताया कि इस संबंध में संबंधित को निर्देशित कर साफ-सफाई कराई जाएगी। साथ ही चहारदीवारी समेत बाकी जो भी कमियां होंगी, उन्हें सही कराया जाएगा।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टूटी चहारदीवारी। अमृत विचार

## पुत्री को गायब कर हत्या करने का आरोप

**बनीकोडर, बाराबंकी: अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र के रमगढ़ा मजरे सिल्हौर निवासी साहब प्रसाद के अनुसार करीब तीन वर्ष पूर्व उसने पुत्री प्रीति का विवाह गुलचप्पा थाना दरियाबाद निवासी किरसन के साथ किया था। शादी के बाद प्रीति ने एक पुत्री को जन्म दिया। आरोप है कि लड़की पैदा होने के बाद पति समेत अन्य ससुराली पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। बीते 25 अप्रैल को पीड़ित जब अपनी पुत्री से मिलने ससुराल गया तो ससुरालियों ने उसे घर में घुसने नहीं दिया। विरोध जताने पर उसे और उसकी पत्नी कुंवारा को मारा पीटा। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेजकर ससुरालियों पर पुत्री को गायब कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

# कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में दे रहे रणनीति को धार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में बड़े-बड़े नेताओं की बैठकों का दौर जारी है। हर पार्टी के प्रत्याशी के समर्थकों द्वारा अपनी-अपनी जीत के दावे किये जा रहे हैं।

मालूम हो कि लोकसभा के चुनाव में राजरानी रावत जहां भाजपा से चुनाव मैदान में हैं। वहीं दूसरी ओर गठबन्धन प्रत्याशी के रूप में तनुज पुनिया मैदान में हैं। यही नहीं एक दिन पूर्व बीएसपी ने शिवकुमार दोहरे को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा द्वारा कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में अब तक करीब 18 होली मिलन समारोह आयोजित कर कार्यकर्ताओं को टटोलने का प्रयास किया है। जिस क्षेत्र में जिस बिरादरी के लोग ज्यादा हैं, उसी बिरादरी के नेताओं की बैठकों की संरचना की जा रही है। वहीं गठबंधन के प्रत्याशी द्वारा क्षेत्र के सिहाली, इस्लाम नगर, अचैचा, नगर फतेहपुर, बाबंगज, घुंघटेर, बिलौली महाराज, देवखरिया आदि स्थानों पर गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में बैठकें की जा चुकी हैं। अब बसपा के कार्यकर्ता भी सक्रिय होकर रणनीति तय करने में जुट गये हैं। गांव-गांव, गली-गली तथा शहर के चौराहों पर चाय की चुस्कियों के साथ आम मतदाता लोकसभा प्रत्याशियों के सम्बन्ध में चर्चा करते नजर आ रहे हैं।

**लोकसभा चुनाव**

**भारत निर्वाचन आयोग ने 190 चुनाव चिन्ह किए हैं निर्धारित, एक ही चिन्ह की मांग पर पहले दावेदार को मिलेगी तवज्जो**

# चूड़ी, एसी, बल्ला और टार्च से लड़ेंगे निर्दलीय उम्मीदवार

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी


**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। तीन मई तक नामांकन पत्र दाखिल किये जाएंगे। छह नवंबर नाम वापसी का अंतिम दिन है। प्रमुख पार्टियों के साथ कई निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है।

निर्वाचन आयोग ने निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए 190 चुनाव-चिन्ह तय किए हैं। इनमें कई रोचक चिन्ह भी हैं। मसलन निर्दलीय प्रत्याशी केक, बिस्कुट, डबल रोटी, कप-प्लेट शिमला मिर्च, चिमटी, चप्पलें, बल्ला-बल्लेबाज जैसे चिन्ह भी शामिल हैं। खास बात यह है कि निर्दलीय प्रत्याशी इनमें से अपनी पंसद का चिन्ह भी तय कर सकेंगे। हालांकि उनको यह मिलेगा, तभी जब अन्य किसी ने इसके लिए दावेदारी न जताई हो।

हर बार औसतन लोकसभा चुनाव में आधा दर्जन से अधिक निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में उतरते हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों को देखें तो जिले में करीब दो दर्जन से अधिक उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरते हैं। इनमें आधे से अधिक विभिन्न राजनैतिक दलों के टिकट पर चुनाव लड़ते हैं तो करीब छह से 12 दावेदार निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में मैदान में उतरते हैं। इनमें से कुछ टिकट नहीं मिलने से असंतुष्ट होते हैं तो कुछ राजनैतिक समीकरणों को फिट करने में लगे राजनैतिक क्षत्रप ही पर्दे के पीछे रहकर मैदान में उतारते हैं। ऐसे में इन निर्दलीय उम्मीदवारों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए चुनाव चिन्हों में से ही सिंबल आवंटित किए जाते हैं। यहां तक इन प्रत्याशियों को उनके पसंद के सिंबल देने का भी प्रावधान है। बर्शते किसी अन्य ने उसी चिन्ह के लिए दावेदारी न की हो। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सनील पांडेय ने बताया कि आयोग द्वारा 190 चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं, इन्ही में से निर्दलीयों को नियमानुसार चिन्ह दिए जाएंगे।

### निर्दलीय तीन चिन्ह की कर सकते हैं मांग

निर्दलीयों को चुनाव-चिन्ह प्राथमिकताओं के आधार पर दिए जाते हैं। जानकारी के अनुसार कोई भी निर्दलीय प्रत्याशी तीन चुनाव-चिन्ह के लिए दावा कर सकता है। इसमें उपलब्धता के आधार पर पहला, दूसरा या तीसरा चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा। जो चिन्ह सिर्फ एक प्रत्याशी ही मांगेगा, उसे वह आसानी से आवंटित कर दिया जाएगा। यदि एक ही चिन्ह के लिए एक से अधिक निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की तो फिर उसमें आयोग के दिशा-निर्देशानुसार निर्णय लेकर किसी एक को वह चिन्ह तो दूसरे को उसकी प्राथमिकता का दूसरा चिन्ह आवंटित किया जाएगा।



### इस तरह के मिलेंगे चुनाव चिन्ह

एयरकंडीशनर, अलमारी, ऑटो रिक्शा, बेबी वॉकर, गुब्बारा, फलों की टोकरी, बल्ला, बल्लेबाज, बैटरी टॉर्च, मोतियों का हार, बेल्ट, बेंच, साइकिल पंप, दूरबीन, बिस्किट, ब्लैक बोर्ड, आदमी व पालनायुक्त नौका, बोतल, बक्सा, डबल रोटी, ईंट, ब्रीफकेस, ब्रश, बाल्टी, केक, कैलकुलेटर, कैमरा, कैन, शिमला मिर्च, कार्पेट, कैरम बोर्ड, फूल गोभी, जंजीर, चक्की, चपाती मेकर, चप्पलें, शतरंज बोर्ड, चिमनी, चिमटी, कोट, नारियल फॉर्म, कलर ट्रे ब्रश, चारपाई, क्रेन, घन, कप और प्लेट, कटिंग प्लायर सहित कुल 190 चिन्ह हैं। जिनमें से निर्दलीय प्रत्याशी अपनी पसंद के चुनाव चिन्ह चुन सकते हैं।

# अनदेखीः मरम्मत के नाम पर धन लुटाने के बाद भी खराब पड़े हैंडपंप

## अधिकतर हैंडपंपों से आ रहा पीला और बदबूदार पानी, ग्रामीण पेयजल को परेशान

दीपराज सिंह देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गर्मी में सभी को पेयजल संकट से उबारने के लिए सरकार के फरमान की विकास खंड देवा में धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां की 88 ग्राम पंचायतों में 4022 हैंडपंप लगवाये गये हैं, लेकिन आलम यह है कि सैकड़ों की संख्या में हैंडपंप खराब पड़े हैं। बहुत से हैंडपंपों के आधे से ज्यादा सामान गायब हो चुके हैं। हैंडपंपों की मरम्मत के लिए पैसा तो खूब लुटाया जा रहा है, लेकिन आम जनमानस को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

विकास खंड देवा में खराब हैडपंपों की हालत में सुधार देखने को नहीं मिल रहा। अब इसे ब्लॉक प्रशासन की उदासीनता कहें या निगरानी का अभाव, गर्मी से पहले खराब हो चुके हैंडपंपों की मरम्मत न होने से भीषण पेयजल संकट का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। जो हैंडपंप सही हैं उनकी गुणवत्ता पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी हैंडपंप से निकलने वाला पानी पीला और बदबूदार है। बावजूद इसके जिम्मेदार कर्मचारियों का ध्यान इधर नहीं जा रहा है। देवा ब्लॉक की 88 ग्राम पंचायतों में 274 हैंडपंप पूरी तरह से बेकार पड़े हैं। जबकि अधिकांश हैंडपंपों को सही किये जाने का दावा संबंधित विभाग द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को पेयजल समस्या की जमीनी हकीकत की पड़ताल को निकली अमृत विचार की टीम ने ग्राम पंचायतों का दौरा किया तो यहां सरकारी फरमान की धज्जियां उड़ती दिखीं।

**हकीकत 1**


देवा क्षेत्र के ग्राम ढिढोरा में खराब हैंडपंप

क्षेत्र के ग्राम ढिढोरा में विजय गौतम के घर के सामने लगा हैंडपंप करीब एक वर्ष से खराब पड़ा है। जिसका अधिकांश सामान गायब हो गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

**हकीकत 2**


कांशीराम कॉलोनी में अधूरा पड़ा हैंडपंप

देवा फतेहपुर मार्ग पर स्थित कांशीराम कॉलोनी में दो हैंडपंप खराब पड़े हैं। वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि कई बार सूचना देने के बाद भी इन्हें सही नहीं किया जा सका। जिससे काफी दूर लगे हैंडपंप से पानी लाया जा रहा है।

**हकीकत 3**


बंधिया मजरे गंगवारा में खराब पड़ा हैंडपंप

क्षेत्र के बंधिया मजरे गंगवारा में सलीम के दरवाजे पर लगा हैंडपंप तीन वर्षों से खराब पड़ा है। काफी शिकायतों के बाद हैंडपंप की मरम्मत नहीं हो सकी लेकिन लोगों ने उस हैंडपंप में बकरियां बांधना जरूर शुरू कर दिया है।

**हकीकत 4**

क्षेत्र के ग्राम भिटौली में रामअधीन के दरवाजे पर लगा हैंडपंप खराब पड़ा है। ग्राम प्रधान को भी सूचना दी गई। वहीं नुमाइश मैदान और तकाजीपुर मजरे खेवली में भी हैंडपंप खराब पड़े हैं।


भिटौली में खराब पड़ा हैंडपंप

> ग्राम पंचायतों में खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंपों को सही करा दिया गया है। यदि कहीं भी हैंडपंप खराब होने की शिकायत मिलती है तो उसको सही कराने के निर्देश पंचायत सचिवों को दिए गए हैं। इसमें कोई लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा।
> – डॉ. नेहा शर्मा, खंड विकास अधिकारी

### एक नजर

**26 के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 26 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की जबकि एक वारंटी व ग्यारह अलग-अलग मामलों में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित को गिरफ्तार किया**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को मसौली पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त ग्राम बांटा निवासी मो. जैद को गिरफ्तार कर लिया।

**चाकू के साथ दो गिरफ्तार**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सुबेहा पुलिस टीम ने ग्राम चिरैया निवासी मुनिराज व ग्राम बगिया मजरे अमरवल क्रिसिया निवासी शीतला प्रसाद को गिरफ्तार कर कब्जे से दो चाकू बरामद किया। अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत**

**कोठी बाराबंकी, अमृत विचार :** कोठी थाना क्षेत्र के सरसा गांव निवासी ही साधना सिंह (35) पत्नी गोविंद सिंह उर्फ शिवम सिंह की मंगलवार देर रात संदिग्ध अवस्था में हालत बिगड़ गई। सीएचसी सिद्धौर में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के मैलारायपुरवा गांव निवासी भाई पंकज सिंह की सूचना पर पहुंचे। एसएसआई छद्दू चौधरी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

# चोरी करने वाले गिरोह के 5 शातिर धरे

- बाराबंकी सहित आस पास के जनपदों में घटनाओं को देते रहे अंजाम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले के तमाम क्षेत्रों व आसपास के जनपदों में किसान का वेश धरकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के पांच शातिर चोरों को एडिशनल एसपी चिरंजीवी नाथ के निर्देशन व सीओ डॉ. वीनू सिंह के नेतृत्व में बनी फतेहपुर पुलिस टीम ने बुधवार को स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए अनिकेत उर्फ छोटू, सोनू लोनिया व मिथलेश लोनिया उर्फ मुसउ पिंकू, सीतापुर जिले के रहने वाले हैं जबकि नितिन त्यागी हैदरगढ़ बाराबंकी का निवासी है। गिरफ्तार किये गए अभियुक्तों ने फतेहपुर, हैदरगढ़, जहांगीराबाद, टिकैतनगर रामनगर, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्रों में चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया। इन चोरों ने एक सोने का हार, दो सोने की चेन, छह अंगूठी, चार नथनी सहित भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण के साथ 40 हजार पांच सौ रुपये, एक मोबाइल फोन, तमंचा, ट्रैक्टर, एक कार व मोटर साइकिल बरामद किया।

पूछताछ में यह बात भी निकलकर आई कि जानकारी जुटाने के बाद शातिर चोर समय देखकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने इन चोरों को कसियापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि इन पांच शातिर चोरों का एक संगठित गिरोह है, जिनकी पुलिस तलाश में जुट गई। पकड़े गये अभियुक्तों में सोनी लोनिया पर गैंगेस्टर एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक मुकदमे जिले के अलग अलग थानाक्षेत्रों में दर्ज हैं। जबकि नितिन त्यागी पर लखनऊ, अमेठी, रायबरेली बाराबंकी जिले में अलग-अलग थानाक्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वहीं मिथिलेश पर गोण्डा, सुल्तानपुर, सीतापुर जिले के अलग-अलग थानों में आठ मुकदमे, अभियुक्त अनिकेत पर सीतापुर व बाराबंकी के थानों में नौ आपराधिक केस दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। एडिशनल एसपी चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही गिरोह से जुड़े अन्य सदस्य भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# आंगनबाड़ी से पाठशाला की ओर अभियान में हुए कई कार्यक्रम



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे, शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** मिशन बाल वाटिका के तहत आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा विभाग व इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग (आईपीईएल) परियोजना के सहयोग से आंगनबाड़ी से पाठशाला की ओर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनपद के आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकन को बढ़ाना और आंगनबाड़ी से शिक्षा प्राप्त कर चुके बच्चों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में नामांकित कराना है। आंगनबाड़ी केंद्र हरख में अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे की आगनबाड़ी स्तर में बच्चों को कहानी सुनाना, कविता पाठ कराना, खेल कराना, अभियान रथ में माध्यम से जन समुदाय को जागरूक करना संचालित किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में छात्र की गई जान

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र के सेठमऊ गांव निवासी रिहान (12) बुधवार की दोपहर गांव में स्थित एक अस्पताल में भर्ती भाई अमन को देखकर वापस घर जा रहा था। उसी दौरान बालू लदी तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेठमऊ में कक्षा 6 का छात्र था। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। छात्र की मौत से कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर चालक को भी हिरासत में लिया गया है।

# कस्बे में पहुंचे हिरण को कुत्तों ने नोचा, रेस्क्यू

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जंगली इलाकों में लगातार हो रही अवैध कटान के चलते जंगली जानवर शहरों और कस्बों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ नगर पंचायत राम सनेही घाट के भिटरिया दरियाबाद रोड पर देखने को मिला है।

जहां एक हिरण जंगल से बाहर हाईवे किनारे कस्बे में पहुंच गया। हिरण को देखकर आवारा कुत्तों ने उसे नोचकर घायल कर दिया। हिरन ने अपनी जान बचाने के लिए फल मंडी में एक फल के गोदाम में घुस गया। गोदाम स्वामी व स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग रेंजर संतोष कुमार मिश्रा को दी। उन्होंने सदर बीट इंचार्ज ऋषभ कुमार व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर हिरण को सकुशल रेस्क्यू करते हुए और उपचार करने के बाद उसके स्वस्थ होने पर जंगल में छोड़ दिया।


उपचार करते वन विभाग के कर्मचारी।

## महिला ने आत्महत्या का किया प्रयास

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंदरोला निवासी शीला देवी (26) पत्नी मुकेश कुमार का विवाह चार वर्ष पूर्व हुआ था। बुधवार को परिवार में विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद शीला ने घर के कमरे में साड़ी का फंदा गले में डालकर पंखे से लटक गई। यह देख घर में मौजूद महिला की सास ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने फंदे को काटकर महिला को नीचे उतारा लेकिन तब तक महिला अचेत हो चुकी थी। आनन-फानन महिला को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहा उसकी हालत को गंभीर बताते हुए लोहिया अस्पताल भेज दिया गया है।

# आग से 40 परिवारों का लाखों का नुकसान

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** घाघरा किनारे बसे ग्राम अहिरनपुरवा मजरे सेमरी में बुधवार की दोपहर शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के तार पर बैठे पंक्षी को करंट लगने से वह पक्षी जलता हुआ नीचे छप्पर पर आ गिरा। जब तक ग्रामीण छप्पर में लगी हुई आग को बुझाने के लिए कुछ करते। तब तक आग ने अगल बगल के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल व स्थानीय प्रशासन को दी।

सूचना पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर किसी तरह काबू पाया। लेकिन तब तक गांव के हरिचरन, रामदयाल, सतनाम, चेतराम, रामकुमार, लवकुश, रामतीरथ, रामसजीवन, रामजियावान, सोहनलाल, बलराम, श्रीराम, सहजराम, सत्यनाम, सुरेंद्र, दिनेश, राकेश, प्रदीप, गुल्लू, कुलदीप, महाराजदीन, शैलेंद्र, अमरेंद्र, वीरेंद्र, दिनेश, संतोषी, रामनाथ, रामकुमारी, सरजू, सियाराम, समुझ, राहुल, रामखेलावन, देशराज, दिलीप, शिवनाथ, शिवलाल, धनीराम, विजय, सोमनाथ, रामसेवक सहित कुल करीब 41 लोगों के घरों की गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी। आग लगने की जानकारी होने पर एसडीएम रामसनेहीघाट रामआसरे वर्मा व सीओ जटाशंकर मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय लेखपाल ने घटना की रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम रामसनेहीघाट को सौंपी है।


आग लगने के बाद घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### सार-संक्षेप

**25 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को टिकैतनगर पुलिस टीम ने ग्राम मगरौड़ा निवासी वसीर पुत्र हमीद को 25 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**घर से निकला युवक लापता**

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी : ग्राम छंदरौली निवासी छोटेलाल ने थाना लोनी कटरा में दर्ज कराई गई गुमशुदगी में बताया है कि उनका बेटा (28) कृपा शंकर 30 मार्च को सुबह 9:00 बजे घर से फ्लिपकार्ट कार्यालय 12 मोड़ के पास जाने के लिए निकला था लेकिन उसके सारे मोबाइल नंबर बंद हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल रहा है। थाने पर दर्ज कराई गई गुमशुदगी में छोटे लाल ने बताया कि कार्यालय जाने पर पता चला कि उसका बेटा ड्यूटी पर आया ही नहीं।

**अज्ञात कारणों से लगी आग**

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बसौली के निवासी राकेश कुमार के छप्पर से उठी आग के तेज लपेटे ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग से सम्पूर्ण गृहस्थी, दो साइकिल व पचास हजार रुपये की नकदी जलकर खाक हो गई। वहीं राकेश की पांच बकरियां भी जल गई हैं। घटना के वक्त राकेश की पत्नी घर के अंदर सो रही थी। वह किसी तरह जान बचाकर भागी।

**दंपति के शव पहुंचने पर गांव में मचा कोहराम**

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार को पटरंगा थाना क्षेत्र के रानीमऊ चौराहे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास हुए हादसे में दंपति की मौत के बाद दोनों का शव पैतृक गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया। असन्दरा थाना क्षेत्र के धारूपुर मजरे सिल्हौर निवासी बजरंग बली निषाद पुत्र माता प्रसाद अपनी पत्नी सुनीता को लेकर किसी कार्य के लिए भिटरिया गया था। उधर से वापस आते समय रानीमऊ चौराहे के पास बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई व पति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सीएचसी मवई लाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम में छा गया। मृतक बजरंग बली निषाद अपने ससुराल बठोली में निवासा पर रहते थे। इनके दो बच्चे हैं। बड़ी पुत्री ज्योति 10 वर्ष व छोटा पुत्र सूरज 7 वर्ष हैं। घटना की सूचना मिलते ही मृतक बजरंग बली के भाई हरी निषाद व बद्री निषाद उनका परिवार घटना स्थल पर पहुंच गए। मृतक दंपति का शव पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को पैतृक निवास स्थान असन्दरा थाना क्षेत्र के धारूपुर पहुंचने पर ग्रामीणों के साथ रिश्तेदारों का तांता लग गया। अंतिम संस्कार में हजारों लोग शामिल रहे।

**केजीबीवी की छात्रों ने दी मासिक परीक्षा**


केजीबीवी महमूदाबाद में परीक्षा देतीं छात्राएं। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मासिक परीक्षा हुई। बुधवार को केजीबीवी महमूदाबाद में नामांकित सभी बालिकाओं ने परीक्षा दी। इस विद्यालय में मौजूदा समय 96 बालिकाएं पढ़ रही हैं। जबकि चार सीटें अल्पसंख्यक बालिकाओं के लिए आरक्षित होने के कारण रिक्त हैं। बताते चलें कि शासन द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं की शैक्षिक गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए प्रत्येक माह की पहली और दो तारीख को मासिक परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के तहत माह की पहली पहली तारीख एक मई को विद्यालय में समस्त विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। विद्यालय की वार्डेन पूनम शर्मा ने बताया कि विद्यालय में अब हर माह परीक्षा आयोजित होगी। इस परीक्षा के अंकों को छात्राओं के शैक्षणिक प्रोफाइल से जोड़ा जाएगा।

**प्रशिक्षण में सिखाए जीवन बचाने के गुर**

**माती, बाराबंकी, अमृत विचार :** हिंद मेडिकल कॉलेज में छह दिवसीय जीवन रक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। इसमें डॉक्टरों को आपात दशाओं में जान बचाने के विविध तौर तरीके सिखाए गए। इस कार्यक्रम से 50 रेजीडेंट डॉक्टर प्रशिक्षित हुए। दरअसल राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग की मंशानुरूप डॉक्टरों व मेडिकल विद्यार्थियों को बेसिक एवं एडवांस लाइफ सपोर्ट का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजीव लखोटिया ने बताया कि कार्यशाला में एमडी व एमएस के रेजीडेंट डॉक्टरों को यह प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद उनकी परीक्षा भी ली गई। जिसमें सभी उत्तीर्ण रहे। 22 प्रशिक्षणार्थियों को इंस्पेक्टर पोटेंशियल का क्राइटेरिया भी मिला। कार्यशाला को संस्थान समूह अध्यक्ष प्रो. आमोद सचान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए कहा कि त्वरित व प्रोटोकॉल आधारित सीपीआर चिकित्सा जनमानस में बहुत सफल है।

# सफेद हाथी बनी नवाबगंज रजबहा

बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचारः** कभी दर्जनों ग्राम पंचायतों की लाइफ लाइन कही जाने वाली शारदा सहायक नहर से निकली नवाबगंज रजबहा महज सफेद हाथी साबित हो रही है। नहर के अंतिम छोर के लगभग 15 किलोमीटर में पानी अभी तक नहीं आया है।

बनीकोडर क्षेत्र के कछिया गांव तक नहर का अस्तित्व है, लेकिन किसान राधेश्याम यादव हाजीपुर के मुताबिक कछिया गांव स्थित टेल तक कभी पानी पहुंचा ही नहीं है। नहर की सफाई न होने व पानी न आने से प्रभावित होने वाले गावों की बात करें तो जरौली, भवनियापुर, किठैया, धनौली खास, सलेमपुर, सूपामऊ, दुल्लापुर, टिकरा, बबुरीगाव, रतौली, हाजीपुर सिल्हौर, दिलावलपुर, धारूपुर आदि ग्राम पंचायतों के सैकड़ों गांव नहर में पानी की आमद न होने से महंगी सिंचाई के लिए मजबूर हैं। बड़े किसानों में शुमार धनौली खास निवासी सुनील मिश्रा बताते हैं कि पहले इस नहर से धनौली खास की माइनर से पूरी सिंचाई होती थी, लेकिन दशकों से गांव तक पानी नहीं पहुंचा है। सिर्फ नहर की बात करें तो उसमें भी महीनों से पानी नहीं आया है। प्रभाकर बताते हैं कि एक दशक पूर्व इस नहर से करीब दो किलोमीटर दूर मौजूद खेतों में नाली के जरिये भरपूर सिंचाई होती थी। अधिशासी अभियंता नहर राजीव कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह मीडिया को बयान जारी करने के लिये अधिकृत नहीं हैं।


सूखी पड़ी नवाबगंज रजबहा नहर। अमृत विचार

## हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ के युवराज का पुरवा मजरे बबुआपुर गांव निवासी रामकुमार पुत्र संतराम (30) मंगलवार को हैदरगढ़ औसानेश्वर मार्ग पर स्थित मानपुर गांव में अपनी बहन की ससुराल आया था और वहां से लौटते समय शाम लगभग पांच बजे भियामऊ गांव के पास हैदरगढ़ की ओर से आई कार द्वारा सामने से टक्कर मार देने से बुरी तरह से घायल हो गया था। 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाये गए घायल को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां पर डॉक्टरों द्वारा रामकुमार को मृत घोषित कर दिया गया था। ।

# अधिवक्ता समागम समारोह की तैयारी पर विचार-विमर्श

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन के पुस्तकालय कक्ष में अधिवक्ताओं की बैठक वरिष्ठ अधिवक्ता देवी शरण गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 4 मई को बार सभागार में अधिवक्ता समागम आयोजित किए जाने पर विचार-विमर्श हुआ। जिसमें विकसित भारत के निर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर अधिवक्ता मंथन करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में मुख्य स्थाई अधिवक्ता रवि प्रताप सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय अधिवक्ता परिषद से जुड़े अमरनाथ मिश्रा, सुदीप वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदेश कार्य समिति सदस्य, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक अनूप कुमार यादव, अधिवक्ता परिषद के राम लखन शुक्ल, एडवोकेट सुनील कुमार मौर्य, सचिन प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री जिला बार सुनीत कुमार अवस्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष बार कौशल किशोर त्रिपाठी, अधिवक्ता शैलेंद्र श्रीवास्तव, सुनील कुमार मौर्य, योगेंद्र सिंह, बृजेंद्र श्रीवास्तव, राकेश कुमार तिवारी, आशीष शरण गुप्ता सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**तैयारी** — हिंद मेडिकल कॉलेज के सभागार में आज से होगा दो दिवसीय प्रशिक्षण, छह मई को नामांकन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी

# ईवीएम में कैंडिडेट सेटिंग का प्रशिक्षण लेंगे मतदान कार्मिक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव मैदान में लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम, फोटो व चुनाव चिन्हों को ईवीएम के बैलेट यूनिट में सेट किया जाएगा। इसे लेकर आज से कार्मिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शहर के हिंद मेडिकल कॉलेज के सभागार में होगा। प्रशिक्षक द्वारा इस संबंध में बारीकी से जानकारी दी जाएगी।

छह मई को नामांकन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और यह ज्ञात हो जाएगा कि चुनाव मैदान में कितने प्रत्याशी हैं। इसी के आधार पर बैलेट यूनिट में प्रत्याशियों के नाम, फोटो और चुनाव चिन्हों की सेटिंग की जाएगी ताकि मतदान के बाद बूथों पर मतदाता अपने पसंदीदा प्रत्याशी का नाम, चेहरा या चिन्ह देकर वोट दे सकें। इस महत्वपूर्ण कार्य में गलती की गुंजाइश न होने पाए इसे लेकर आज से जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी में शहर के हिंद मेडिकल कॉलेज के सभागार में कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षक द्वारा यह बताया जाएगा कि अल्फाबेट के आधार पर कौन सा चिन्ह या नाम सबसे ऊपर व क्रमवार रहेगा।

**आर.आर डमोर होंगे सामान्य प्रेक्षक**

निर्वाचन आयोग ने मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्षता के साथ कराने के लिए एक सामान्य समेत दो प्रेक्षकों को तैनात किया है। इनमें सामान्य प्रेक्षक के रूप में आईएएस अधिकारी आर.आर.डमौर तो पुलिस प्रेक्षक के रूप में आईपीएस गौरव चंद्र शर्मा को नियुक्त किया है। शर्मा को अयोध्या लोकसभा क्षेत्र के दरियाबाद, रुदौली, मिल्कीपुर, बीकापुर व अयोध्या की भी जिम्मेदारी दी गई है। सामान्य प्रेक्षक के साथ लाइजन अफसर के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बालेंदु द्विवेदी तो पुलिस प्रेक्षक के साथ सहायक अभियंता लघु सिंचाई ब्रजेश सिंह को तैनात किया गया है।

## हां, मैं भी चौकीदार बोल मांग रहे वोट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने को लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंच रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। इसी को लेकर जिला पंचायत सदस्य बनीकोडर लवली रावत ने अपने साथियों के साथ जनसम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, युवा, दलित, महिलाओं और किसानों को सशक्त किया गया है। उनकी जरूरतों को सिर्फ समझा ही नहीं गया बल्कि तमाम जरूरतों को पूरा करते हुए बाकी पर पूर्ण रूप से प्रयास जारी है। आवास, सम्मान निधि, आयुष्मान समेत कई अन्य योजनाओं को धरातल पर लाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। इस काम का लाभ आगे भी मिले इसके लिए भाजपा की सरकार बनानी होगी। उनके साथ हंस कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख सुकई रावत, लखपत रावत, पं. मनोज कुमार शर्मा, बद्री प्रसाद रावत, पूर्व प्रधान बिन्दियामऊ राजेश वर्मा, सेठ धर्मेंद्र वर्मा, गंगाराम रावत, मुकेश रावत, सन्नी रावत, पूर्व प्रधान बाबा रमेश मौर्या मौजूद रहे।


जनसंपर्क करतीं लवली रावत व अन्य। अमृत विचार

## एक नजर

### हलिया में चारपाई से गिरकर बच्चा घायल

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी गांव में बुधवार की दोपहर घर में चारपाई पर खेल रहा नौ माह का अबोध बालक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया चिकित्सालय रेफर कर दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के बरी गांव निवासी राजेश का बालक वंश चारपाई पर खेल रहा था कि अचानक चारपाई से नीचे गिर पड़ा जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### महिला चिकित्सक के न आने से हो रही परेशानी

**अहरौरा, मिर्जापुर।** सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद ने अहरौरा नगर व ग्रामीण क्षेत्र वासियों के समस्या को देखते हुए महिला चिकित्सक की मांग की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा पर नियुक्त एक मात्र महिला चिकित्सक के न आने के कारण महिलाओं को अपने इलाज इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। चिकित्सा अधिकारी अवधेश सिंह ने बताया कि महिला चिकित्सक के लगातार अनुपस्थित होने की सूचना शासन को भेजी जा चुकी है।

### ईवीएम व वीवी पैट का किया गया रैण्डमाईजेशन

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन की उपस्थिति में बुधवार को एनआईसी कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत ईवीएम मशीनो व वीवी पैट का प्रथम रैण्डमाइजेशन विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, के अलावा राजनैतिक दलों में भारतीय जनता पार्टी से चंद्राशु गोयल, बहुजन समाजवादी पार्टी के सद्दाम राइन, अपना दल एस नमिता केसरवानी, कांग्रेस पार्टी से छोटे खान आदि उपस्थित थे।

# सपा-बसपा सहित 3 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## सपा से डा.एसपी सिंह पटेल, बसपा से प्रथमेश मिश्र ने दाखिल किया नामांकन

प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार से कड़ी सुरक्षा में नामांकन प्रक्रिया शुरू है। कलेक्ट्रेट स्थित डीएम न्यायालय में तीसरे दिन बुधवार को सपा, बसपा सहित तीन प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के समक्ष नामांकन किया। 06 दावेदारों ने 12 सेट में पर्चा खरीदा। कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन परिसर में पुलिस ने प्रत्याशियों, उनके प्रस्तावकों और प्रतिनिधियों के अलावा किसी को भी प्रवेश करने नहीं दिया।

प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर मतदान छठवें चरण में होगा। यहां 25 मई को वोटिंग होगी। इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार से कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जो छह मई तक चलेगी। कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी नौ मई तक होगी। तीसरे दिन प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से सपा (इंडिया गठबंधन) प्रत्याशी पूर्व एमएलसी डा. एसपी सिंह पटेल ने दो सेट में नामांकन दाखिल किया। बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र ने एक सेट में नामांकन किया। इसके अलावा रामकुमार ने सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से एक सेट में नामांकन किया। तीसरे दिन 06 लोगों ने 12 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया। अब तक दावेदारों की कुल संख्या 35 और नामांकन पत्रों की संख्या 78 हो गई है। प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर मतदान छठवें चरण में होगा। यहां 25 मई को वोटिंग होगी। इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जारही है।



नामांकन दाखिल करते हुए सपा उम्मीदवार डॉ. एसपी सिंह पटेल। अमृत विचार



नामांकन दाखिल करते हुए बसपा उम्मीदवार प्रथमेश मिश्र। अमृत विचार

# प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर दिया जातीय संतुलन का संदेश

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ से सपा (इंडिया गठबंधन) प्रत्याशी डॉ. एस.पी.सिंह पटेल ने बुधवार को नामांकन किया। उन्होंने मां बेल्हा देवी का दर्शन पूजन कर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण से जातिगत संतुलन का सन्देश दिया।

चुनावी कार्यालय चिलबिला से निकल कर मां बेल्हा देवी धाम में दर्शन पूजन किया। सपा कार्यालय पहुंचे पार्टी नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण किया। आंबेडकर चौराहे पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया। वहां से निकल कर सरदार बल्लभ भाई पटेल, पं.मुनीश्वरदत्त उपाध्याय, डॉ. राम मनोहर लोहिया, सरदार भगत सिंह, स्टेशन रोड स्थित स्वामी विवेकानंद सहित महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उद्योग विहीन होने से बेल्हा के लोगों को रोजगार के लिए भटकना पड़ता है। लो दावा किया कि विकास के मुद्दे पर मेरा चुनाव यहां की जनता लड़ रही है। इस दौरान पट्टी विधायक राम सिंह पटेल, सपा जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह यादव, विधायक हाकिम लाल बिंद, पूर्व एमएलसी कांति सिंह, सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सौरभ सिंह, संजय पाण्डेय, पूर्व एम.एल.सी. आनंद भूषण सिंह बब्बू राजा, महेंद्र दुबे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.नीरज त्रिपाठी, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, आप जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, शांतनु सिंह, सपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शांति सिंह, आशुतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# बसपा प्रत्याशी श्रीकला ने किया नामांकन

▶▶ **जेल से छूटे धनंजय, उनकी पत्नी ने दाखिल किया पर्चा**

जौनपुर

**अमृत विचार:** बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में दिन 11.30 बजे बसपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद धनंजय की पत्नी श्रीकला सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दो सेट में पर्चा दाखिल किया। इससे पूर्व बरेली सेंट्रल जेल से सुबह लगभग 8 बजे धनंजय बाहर निकले श्रीकला सिंह के साथ नामांकन करने के दौरान कुल पांच लोग थे। इनमें उनके अधिवक्ता बृजभूषण सिंह और प्रस्तावक ब्लॉक प्रमुख संतोष तिवारी के अलावा पीआरओ राजेश कुमार सिंह, बसपा के मंडल प्रभारी राम चंद्र गौतम, जिला अध्यक्ष संग्राम भारती रहे। बिना प्रदर्शन सादगी से श्रीकला के नामांकन दाखिले से प्रशासन, विपक्षी दल व मीडिया के लोग भी हैरान दिखे 1 दरअसल श्रीकला के पर्चा दाखिले की तारीख व शुभ घड़ी यानी मुहूर्त पहले से ही निर्धारित था। इसे गोपनीय इसलिए रखा गया था।



नामांकन दाखिल करती हुए बसपा उम्मीदवार श्रीकला धनंजय सिंह।

# इलाहाबाद से नीरज व फूलपुर से प्रवीण ने किया नमांकन

**संवाददाता प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने समर्थकों के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल किया है। दोनों प्रत्याशी अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आजाद पार्क से रवाना हुए। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आने की चर्चा रही लेकिन वह नहीं पहुंच सके। बुधवार को इलाहाबाद संसदीय सीट से पूर्व राज्यपाल स्व. पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने बुधवार को चंद्रशेखर आजाद पार्क अपने समर्थको के साथ पहुंचे। उनके पहुंचने से पहले ही सभी मुख्य चौराहों को पूरी तरह से बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया था। भारी भरकम जुलूस के साथ पद यात्रा करते हुए दोनो प्रत्याशी कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया है। दोनो प्रत्याशियों के नामांकन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को आना था, लेकिन वह प्रयागराज न आकर कौशांबी समर्थकों के साथ भारी संख्या में पहुंचे थे। कौशांबी सीट से विनोद सोनकर ने भी नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। उनके साथ मौके पर केशव प्रसाद मौर्य मौजूद रहे। इलाहाबाद और फूलपुरके नामांकन को लेकर प्रयागराज में बुधवार कोपूरे शहर में चौतरफा जाम लगा रहा। शहर के प्रमुख चौराहों परपुलिस की कोई व्यवस्था सुचारू रूप से दिखाई नहीं दी।

# फूलपुर के लिए सात और इलाहाबाद में 8 ने पत्र लिया

**प्रयागराज, अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत बुधवार को नाम निर्देशन के तीसरे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए 7 लोगो ने एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद के लिए 8 लोगो के द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। इस प्रकार अबतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए कुल 39 लोग व 52-इलाहाबाद के लिए कुल 38 लोगो ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। नाम निर्देशन के तीसरे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर हेतु भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीण कुमार सिंह एवं 52-इलाहाबाद हेतु भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी एवं राष्ट्रीय समाज दल (आर) के प्रत्याशी राजधर सिंह के द्वारा नाम निर्देशन किया गया।

# छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कुंडा प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** सत्येंद्र बहादुर सिंह इंटर कालेज राजापुर में यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र- छात्राओं और राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति में चयनित बच्चों का बुधवार को सम्मानित किया गया।

अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है, जिससे हमें संस्कार एवं उन्नति दोनों प्राप्त होती है। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में इंटर में विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाली दीपाली त्रिपाठी को 10 हजार रुपये नकद व प्रमाण पत्र दिया गया। इसके साथ ही 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वालों में प्रांशी विश्वकर्मा, कीर्ति मिश्रा, शुभम यादव, रानू त्रिपाठी, संध्या, स्नेहा मिश्रा, आकांक्षा पाल, नीतू यादव, रंजना देवी, पिंकी देवी, निर्मला, सक्षम पाल, प्रिया तिवारी, स्वाति, मोहिनी सेन एवं हाईस्कूल में सौरव शुक्ल, प्रज्ञा यादव, राजीव सरोज को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति के सफल शालिनी शिल्पकार, अर्पित पाल, सुधांशु यादव को प्रमाण पत्र दिया गया। संचालन शिक्षक आलोक कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडेय, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, कृष्ण प्रताप त्रिपाठी, घनश्याम शर्मा आदि रहे।



सत्येंद्र बहादुर सिंह इंटर कालेज राजापुर में सम्मान-पत्र के साथ मेधावी छात्राएं।

## एसीएमओ ने किया पीएचसी का निरीक्षण

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार।** एडीशनल सीएमओ डॉ बीके चौधरी ने बुधवार को उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पंहुचकर स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार से कहा कि उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए आने वाले मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। एडीशनल सीएमओ ने वैक्सीनेशन के लिए कोल्ड चैन में रखी गई वैक्सीन का निरीक्षण किया तथा वैक्सीनेशन के संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी से जानकारी लिया। इसके बाद औषधि वितरण बुक का निरीक्षण किया और चीफ फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा को औषधि वितरण संबंध में हिदायत दी।

# भक्त प्रहलाद की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

▶▶ **भागवत मूल परायण एवं शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ**

**मड़ियाहूं जौनपुर, अमृत विचार:** रामनगर विकासखंड के जमालापुर ग्राम सभा के पट्टी गांव में स्थित दुर्गा माता मंदिर पर चल रहे भागवत मूल पारायण एवं शतचंडी महायज्ञ में श्री काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ ने चौथे दिन भक्त प्रहलाद की महिमा का कथापान कराते हुए महाराज ने कहा कि विष्णु अवतार भक्त प्रहलाद भगवान का अनंत भक्त था, उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु का भक्त प्रहलाद अपने नास्तिक पिता हिरण कश्यप की विरोध, प्रहलाद अपने पिता की राय बदलने की कोशिश करता है। जबकि हिरण कश्यप अपनी बेटे को बदलने के लिए शक्ति का उपयोग करता है। यह भगवान के प्रति प्रह्लाद का एक भक्ति ही था कि जो हिरण कश्यप जैसे लोगों ने भी भगवान की भक्ति से डिगा नहीं पाया। कथा प्रवचन की प्रारंभ के पूर्व अनंत विभूषित श्री काशी धर्म पिठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ के सामने चरण पदुका पूजन बृजराज चौरसिया पत्रकार, लल्लन मास्टर, छोटेलाल सिंह, शिवराम सिंह भोले, रत्नाकर सिंह, महेश सिंह, राम उजागिर, अमित सिंह "मिंटू", सुजीत सिंह शामिल होकर पूजन किया।

# शादी का झांसा देकर ग्राम प्रधान पुत्र ने किया दुष्कर्म

हलिया, मिर्जापुर

**अमृत विचार।** लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी की मां ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर अपनी 14 वर्षीय पुत्री किशोरी को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने व उसे जान से मारने की कोशिश करनेका आरोप लगाया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान राजपुर रमाकांत व पुत्र लवकुश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में किशोरी की मां ने आरोप लगाया है कि 14 वर्षीय किशोरी को राजपुर गांव के ग्राम प्रधान रमाकांत के पुत्र लवकुश ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाते हुए दुष्कर्म किया। ग्राम प्रधान ने अपने पुत्र की शादी दूसरी लड़की से कर दिए जाने की जानकारी मिलने पर 17 अप्रैल को ग्राम प्रधान के घर पहुंची पुत्री को ग्राम प्रधान व उसके पुत्र ने गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पुत्री को पानी में जहर मिलाकर पिला दिया। किशोरी की हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में एंबुलेंस सेवा के माध्यम से भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

## ट्रक में घुसी डीसीएम, चालक की मौत

**कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार।** कानपुर देहात के सिकंदरा थाना फिरोजपुर निवासी रज्जन कटियार का तीसरे नंबर का 32 वर्षीय बेटा अमित कटिहार ट्रक चालक था। वह मंगलवार की रात वाराणसी से माल लादकर डीसीएम लेकर कानपुर जा रहा था। हथिगवां के एनएच दो पर समसपुर गांव के पास खड़ी ट्रक में अमित डीसीएम लेकर घुस गया। उसके साथ रहा 30 वर्षीय खलासी शिवम पुत्र चंद्रशेखर निवासी फिरोजपुर भी घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों को उपचार के लिए सीएचसी कुंडा ले आई। यहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद चालक अमित कटिहार को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल खलासी का इलाज चल जा रहा है।

# यह चुनाव देश को 100 साल आगे तक ले जायेगा: केशव

**प्रयागराज, अमृत विचार।** सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को कौशांबी में विनोद सोनकर के नामांकन में शामिल होने के बाद प्रयागराज पहुंचे थे। यहां उन्होंने इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो के बाद उन्होंने कचहरी चौराहे पर एक सभा को संबोधित करते हुए सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

केशव मौर्य दोपहर 2:30 बजे करीब कौशांबी से प्रयागराज पहुंचे थे। पुलिस लाइन से उतरने के बाद वह सीधे चंद्रशेखर आजाद पार्क गेट नंबर 3 पर पहुंचे। जहां उनका माल्यार्पण किया गया। जहां खुली गाड़ी पर सवार केशव मौर्य का जमकर स्वागत किया गया। रोड शो में शामिल होकर वह इंडियन प्रेस चौराहे से कटरा होते हुए कचहरी पहुंचे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा जनता अब सपा और कांग्रेस को वोट देने वाली नहीं है।

**रोड शो में की गयी पुष्पवर्षा**

प्रयागराज में रोड शो के दौरान केशव मौर्य पर लोगों ने अभिवादन करते हुए जमकर फूल बरसाया। एक तरफ इलाहाबाद संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी तो दूसरी तरफ फूलपुर के प्रत्याशी प्रवीण पटेल मौजूद रहे।

## दो बच्चों की मौत से मातमी सन्नाटा

**पट्टी प्रतापगढ़ अमृत विचार।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पूरे दलपत शाह गांव में मंगलवार को आठ वर्षीय दो बच्चों की तालाब में डूबकर मौत होने से बुधवार को गांव में मातमी सन्नाटा रहा। पूरे दलपत शाह गांव के पृथ्वीपाल वर्मा का पुत्र अंश व पड़ोसी पूर्णमासी वर्मा का पुत्र मंगलवार की शाम करीब चार बजे दोनों एक साथ घर से निकले और घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब के पास पहुंचे और कपड़ा व चप्पल उतार कर तालाब में नहाने चले गए। खोजबीन में दोनों बच्चे तालाब के गहरे पानी में डूबे मिले। डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया था। हृदय विदारक हादसे से पूरे गांव में मातम छाया रहा।

**निर्देश** उप जिला मजिस्ट्रेटो व खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया निर्देश

# आपदा पीड़ितों को उपलब्ध कराये राहत : डीएम

मिर्जापुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों की बैठक कर विभिन्न आपदाओं में दुघर्टनाग्रस्त पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि फसल व खलिहान में आगजनी की घटनाए गर्मी के दिनो में जहां भी हो तत्काल सम्बन्धित लेखपाल से सर्वे रिपोर्ट प्राप्त कर आपदा राहत कलेक्ट्रेट में भेजा जाए।

उन्होने उप जिला मजिस्ट्रेटो को निर्देशित करते हुये कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में लेट लतीफी व हीलाहवाली की शिकायते प्राप्त हो रही हैं। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर परिवार रजिस्टर दुरूस्त कराते हुये फैमिली आई0डी0 बनाने पर प्राथमिकता दें तथा फैमिली आईडी के आनलाइन करने की प्रक्रिया का प्रचार प्रसार कराए ताकि लोग आनलाइन आवेदन कर सकें। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के गौ आश्रय स्थलो के लिये पर्याप्त भूसा क्रय कर ले तथा भूसा दान हेतु क्षेत्र के बड़े किसानों, गणमान्य व्यक्तियो व उद्यमियों से अपील भी करे। ने गेहूँ क्रय के सम्बन्ध में कहा कि क्रय क्रेन्दो पर सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित कराते हुये गेहूँ खरीद भी बढ़ाया जाए।

कहा कि मतदान के दिन प्रत्येक केन्द्रो पर दिव्यांग मतदाताओं हेतु एक व्हील चेयर तथा पेयजल हेतु पानी व गुड़ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

# चौथे दिन भी मझिगवां गांव में देखा गया तेंदुआ

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार।** ड्रमंडगंज वनरेंज के मझिगवां गांव स्थित जलनिगम की पुरानी पानी टंकी परिसर में चौथे दिन बुधवार को भी ग्रामीणों द्वारा तेंदुआ देखा गया। मंगलवार देर रात वनविभाग की टीम के साथ पहुंचे रेंजर ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी ने पानी टंकी के पास ग्रामीणों के साथ पटाखे फोड़े लेकिन तेंदुआ पानी टंकी परिसर से बाहर नही निकला।

गांव निवासी मुन्नु सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात टार्च जलाकर प्राथमिक विद्यालय के पास से पानी टंकी की तरफ तेंदुए को चहलकदमी कर जाते हुए देखा था। बुधवार सुबह गांव निवासी रमेश सिंह के पुत्र राज सिंह ने टंकी के खिड़की से बाहर झांकते हुए तेंदुआ को देखकर शोर मचाया जब तक ग्रामीण लाठी डंडा लेकर टंकी के पास पहुंचे तेंदुआ भीतर जाकर छिप गया। ग्रामीण वीर बहादुर सिंह, मून्नू सिंह, रंजना सिंह, बुद्धसेन सिंह, संजय सिंह, राज सिंह, धीरेंद्र सिंह आदि ने बताया कि वनविभाग की टीम देर रात आई थी करीब एक घंटे तक रहने के बाद पटाखे छोड़ने के बाद चली गई। क्षेत्रीय वन अधिकारी ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि मंगलवार रात में पानी टंकी परिसर के पास वनविभाग की टीम के साथ पहुंचकर पटाखे फोड़े गए लेकिन तेंदुआ दिखाई नही दिया।

## सार-संक्षेप

### नगर पालिका की सड़क पर गर्मी में बरसात का नजारा

**अहरौरा, मिर्जापुर।** नगर पालिका परिषद अहरौरा की कई मुख्य सड़के गड्ढे में तब्दील हो गई है, जिस पर सड़क के किनारे स्थित दुकानों का पानी आकर जमा हो रहा जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। मेंहदीपुर चौराहे से बुढादेई तक आने वाली सड़क कई स्थानों पर गड्ढे में तब्दील हो गई है जिसपर आए दिन जहा दुर्घटना हो रही है। सड़क के किनारे बनी नालियों के ध्वस्त हो जानें से दुकानों का गंदा पानी आकार सड़क पर जमा हो रहा है और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद का कहना है कि नगर पालिका नगर के खराब सड़कों एव जाम नालियों को बनवाने के प्रति उदासीन बना हुआ है।

### लापरवाही पूर्वक प्रसव कराने वाली संचालिका पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़, अमृत विचार।** तीन दिन पूर्व रीता नर्सिंग होम में लापरवाही पूर्वक प्रसव कराने से हुई नवजात की मौत के मामले में उसकी मौसी ने नर्सिंग होम संचालिका के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। स्वास्थ्य विभाग ने नर्सिंग होम को सील कर दिया है। महेशगंज के प्रीमपुर निवासी राजेश यादव की पत्नी पिंकी यादव को प्रसव पीड़ा होने पर रविवार की शाम कुंडा के बिहार रोड स्थित रानी क्लीनिक में देर रात एक बेटी को जन्म दिया। जन्म के बाद से ही जच्चा और बच्चा की तबियत बिगड़ गई। परिजन दोनों को लेकर सीएचसी कुंडा पहुंचे, जहां पर पता चला कि प्रसव के दौरान लापरवाही हुई है। पिंकी की बहन पूनम यादव की शिकायत पर सीएमओ ने टीम भेज कर अस्पताल सीज कर दिया था।

### ट्रेन की चपेट में आने से टेंट कर्मी की मौत

**रानीगंज प्रतापगढ़, अमृत विचार।** ट्रेन की चपेट में आने से टेंट कर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रानीगंज थाना क्षेत्र के पचरास निवासी 22 वर्षीय रवि पांडेय पुत्र छोटेलाल पांडेय मां बाराही देवी धाम रेलवे स्टेशन के पास घर है। वह रेलवे फाटक पुलिया के पास मंगलवार देर रात शौच को गया था। इस दौरान वह ट्रेन की चपेट आ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। ड्यूटी पर तैनात गेट मैन ने स्टेशन मास्टर व परिजनों को जानकारी दी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। रवि रानीगंज मे ही एक टेंट हाउस में कार्य करता था। रवि दो भाई एक बहन में दूसरे नम्बर पर था। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### समाप्त की जानी चाहिए आउट सोर्सिंग एवं ठेकेदारी प्रथा

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** मेहनतकशों ने मई दिवस पर बुधवार को पंचमुखी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आउटसोर्सिंग एवं ठेका प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाना चाहिए। संविदा श्रमिकों और आउटसोर्स कर्मियों को नियमित कर्मचारियों के बराबर ही वेतन दिया जाना चाहिए। संयोजन आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक के प्रांतीय मंत्री हेमंत नंदन ओझा ने किया। उन्होंने 1986 से लेकर अब तक श्रमिक आंदोलन में शहीद हुए श्रमिकों और श्रमिक नेताओं को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता ग्रामीण बैंक कर्मियों के नेता बीपी त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सुरेश शर्मा, रामसूरत, एनपी मिश्र, सीपीआई के जिला मंत्री रामबरन सिंह, राजमणि पांडेय, लाल झंडा जल निगम मजदूर यूनियन के मंत्री अजय श्रीवास्तव आदि रहे।

### शंटिंग के दौरान पटरी से उतरी एक्सप्रेस ट्रेन

**प्रयागराज, अमृत विचार।** बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस का इंजन बुधवार सुबह पटरी से उतर गया। सुबह लगभग 7 :20 इंजन के डीरेल होने से हड़कंप मच गया। बरेली से चलकर ट्रेन प्रयागराज आ रही थी। प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन पहुंचने ही वाली थी, तभी इंजन डिरेल हो गया। अचानक ट्रेन के रुक जाने से यात्री परेशान हो गए यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए। मौके पर तकनीकी टीम रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद काफी देर तक ट्रेनें प्रभावित रही। इस दौरान गंगा गोमती एक्सप्रेस देरी से रवाना की गई। प्रयाग जंक्शन से कुछ दूरी पर बुधवार की सुबह लखनऊ रूट पर संगम एक्सप्रेस का इंजन पटरी से उतर गया। पटरी से इंजन उतरने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर रेलवे के कई अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे और राहत कार्य में जुट गये। गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। काफी देर तक सुधारने का कार्य चलता रहा। उत्तर मध्य रेलवे के लखनऊ मंडल के एनडीआरएम शिवेंद्र शुक्ला ने बताया कि इंजन का पहिया पटरी से उतर गया था। बड़ा हादसा हादसा होने से बच गया है। घटना के कारण का पता लगाया जा रहा है।

### महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में मनाया गया मजदूर दिवस

**नैनी, अमृत विचार।** महर्षि विद्या मन्दिर नैनी प्रयागराज में बुधवार को मजदूर दिवस मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला के दिशा निर्देशन में विविध कार्यक्रमों के साथ विद्यालय सभाकक्ष में मजदूर दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सर्वप्रथम सभी श्रमिक वर्ग में कार्यरत कर्मचारियों का पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छों से सम्मानित किया गया। छात्रों ने अनेक नारे एवं भाषण देकर मजदूर कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र -छात्राओं ने नाटकीय मंचन के माध्यम से श्रमिक वर्ग का सम्मान किया एवं उन सभी का उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला ने चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों का उत्साह वर्धन करते हुए एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन वह है जो श्रमिको एवं श्रमिक आंदोलन द्वारा किए गए संघर्षो और उपलब्धियों को याद करता हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हर साल अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की एक खास थीम चुनी जाती है। इस वर्ष की थीम है -जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह पर श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करना।

